दैनिक जागरण
दिनांक 25-01-2021

|| दैनिक जागरण नई दिल्ली, 25 जनवरी, 2021

शिक्षक का दायित्व विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभा खोजना है : विक्रम

उन्हाणी कॉलेज की छात्राएं विभिन्न गतिविधियां करती हुई • जागरण

संवाद सहयोगी, कनीना: राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में शनिवार को प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत अनेक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. विक्रम सिंह ने की।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभाओं को खोजना और विकास करना है। इस सृष्टि में कोई भी प्राणी प्रतिभाविहीन नहीं है। छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरे। कार्यक्रम संयोजिका डा. सीमा देवी ने कहा कि आज के विद्यार्थी हमारी संस्कृति के प्रति विमुख होते जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से ही विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति की जानकारी देकर उसके प्रति प्रेम जागृत करना है। इतिहास प्रवक्ता राजेश कुमार व डा. कांता ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला।

महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं ने भी बोस जी के जीवन को गीतों और भाषण के माध्यम से व्यक्त किया। इस मौके पर डा. सुधीर, डा.अंकिता,सोमेश, धनेश, नीतू, कविता,अनिल,हरपाल, कंवर सिंह आदि उपस्थित थे।

दैनिक